**नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त**

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,

# Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

---

## स्वच्छता पखवाड़ा प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान

## भावना, अनन्या, फायजा, गौरव को मिला प्रथम पुरस्कार

वर्धा, दि. 18 सितंबर 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में 01 सितंबर से 15 सितंबर के दौरान आयोजित 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों का वितरण प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा की अध्यक्षता एवं कार्यकारी कुलसचिव




प्रो. के. के. इस अवसर पर भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के फिल्ड आउटरिच ब्यूरो के अधिकारी बी. पी. रामटेके बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार एम. ए. हिंदी साहित्य की छात्रा भावना सिवाल को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार एम. एड. के छात्र अनुज कुमार को तथा तृतीय पुरस्कार एम. एड. के छात्र सौरभ कुमार सिंह को एवं प्रोत्साहण पुरस्कार एमबीए के छात्र अनूप कुमार वर्मा को दिया गया। केंद्रीय विद्यालय की कक्षा 6, 7 एवं 8वीं के बच्चों के लिए 'मेरा विद्यालय : स्वच्छ विद्यालय' विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार कक्षा 8वीं की छात्रा अनन्या नरांजे को, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 6वीं की छात्रा पूर्वाशा सिंह को, तृतीय पुरस्कार कक्षा 6वीं की छात्रा पूर्वा चालाख

को तथा प्रोत्साहण पुरस्कार कक्षा 8वीं की छात्रा मधुरा देशमुख को दिया गया। 'स्वच्छ भारत के प्रति मेरा




योगदान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार एमबीए की छात्रा फायजा कुरैशी को प्रदान किया गया।




द्वितीय पुरस्कार प्रदर्शनकारी कला विभाग की बीओक की छात्रा आशना अनवर सिद्दीकी को, तृतीय पुरस्कार ब्रजेश कुमार को तथा प्रोत्साहण पुरस्कार नितीन प्रियदर्शी को दिया गया। 'स्वच्छ भारत : भविष्य का भारत' विषय पर

आयोजित भाषण प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार गौरव चौहान को, द्वितीय पुरस्कार इरशाद कासिद पठान को तथा तृतीय पुरस्कार फायजा कुरैशी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के सभी संयोजक तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा ने सभी विजेता एवं सहभागी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::